भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1769
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सिंहेश्वरधाम तीर्थ स्थल का विकास

†1769. श्री दिलेश्वर कामैत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सुपौल लोक सभा क्षेत्र के मधेपुरा जिले में सिंहेश्वरधाम तीर्थ स्थल पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसके धार्मिक महत्व को देखते हुए अवसंरचना के विकास के लिए निधि आवंटित करने का विचार है;

(ख) क्या सिंहेश्वरधाम और बाबा विशु राउत मेला को राज्य मेले का दर्जा प्राप्त है, क्योंकि इस मंदिर के शिवलिंग को कामना लिंग के नाम से भी जाना जाता है और श्रृंगी ऋषि ने यहां सात हवन कुंड बनवाए थे जो आज भी मौजूद हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का सिंहेश्वरधाम को धार्मिक गलियारे से जोड़ने का भी विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद), 'स्वदेश दर्शन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी चालू योजनाओं के माध्यम से बिहार राज्य सहित, पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को सम्पूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने सिंहेश्वर धाम और बाबा विशु राउत मेला को राज्य मेलों के रूप में दर्जा नहीं दिया है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय मेलों/महोत्सवों/पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

सुपौल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के मधेपुरा जिले में सिंहेश्वर धाम तीर्थ स्थल पर अवसंरचना के विकास और सिंहेश्वर धाम को धार्मिक गलियारे से जोड़ने के लिए कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न अवसंरचना विकास योजनाओं के अंतर्गत बिहार में विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री दिलेश्वर कामैत द्वारा सिंहेश्वरधाम तीर्थ स्थल का विकास के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1769 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

बिहार में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत**
1.	पटना साहिब में विकास	29.62
2.	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	3.63

बिहार में प्रशाद योजना के अंतर्गत चिह्नित स्थलों का विवरण

क्र. सं.	**स्थल/परियोजना**
1.	सिमरिया घाट, बेगूसराय जिला
2.	आमी मंदिर, सारण जिला

बिहार में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**परिपथ/वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
1.	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली-आरा- मसद- पटना- राजगीर-पावापुरी- चंपापुरी का विकास	33.96
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर का विकास	44.76
3.	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4.	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा-चंद्रिया-तुरकौलिया का विकास	44.27
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55

बिहार में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत चिह्नित किए गंतव्यों का विवरण।

क्र. सं.	चयनित/चिह्नित किए गए गंतव्य
1.	गया, नालंदा

बिहार में एसएएससीआई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1.	सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास	97.61
2.	करमचट में इको-टूरिज्म और एडवेंचर हब	49.51

बिहार में केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	बक्सर, बिहार में एक्वा स्क्रीन प्रोजेक्शन और साउंड शो के साथ 3 डी मैपिंग और राम रेखा घाट, बिहार में डायनामिक लाइटिंग और मोटिफ	5.99
2.	गया रेलवे स्टेशन	5.18

******